दैनिक
# नज़रिया खबर
भारत सरकार के डीएवीपी व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापन के लिए मान्यता प्राप्त




RNI:UTTHIN/2008/25052

वर्ष:17 | अंक: 341 | देहरादून, मंगलवार 10 जून, 2025 | पृष्ठ:08 | मूल्य:1/रु. प्रति

## न्यूज डायरी

### विधायक सरिता आर्या ने राज्यपाल से की भेंट



**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में विधायक नैनीताल सरिता आर्या ने शिष्टाचार भेंट की।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत, एक घायल

**किच्छा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। उनका साथी गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात 18 वर्षीय अर्जुन, 19 वर्षीय प्रजव्वल उर्फ कृष्णा व जतिन निवासी ग्राम भंगा थाना पुलभट्टा किच्छा से अपने घर लौट रहे थे। सिरोली कला में हाईवे पर शर्मा ढाबे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सक ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद गंभीर स्थिति देखते हुए कृष्णा व जतिन को रेफर कर दिया गया। रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान कृष्णा ने भी दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने डंपर से दुर्घटना की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## सीएम ने पुरोला में 210 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को उत्तरकाशी के पुरोला में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 210 करोड़ की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 35 योजनाओं का लोकार्पण तथा 20 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पुरोला स्थित खेल मैदान के उच्चीकरण, मोरी के देवरा गांव में कर्ण महाराज मंदिर के सौंदर्यीकरण, नौगांव में रुद्रेश्वर महादेव मंदिर का सौंदर्यीकरण, नौगांव सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का विस्तारीकरण, पुरोला – नौगांव मोटर मार्ग डूकाणा रोड होते हुए मोरी बैंड तक बाईपास का निर्माण एवं मोरी के पट्टी गडूगाड़ के देवजानी ओरा से केदारकांठा तक पर्यटक क्षेत्र के घोषित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से उत्तरकाशी जनपद के पुरोला और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

ये योजनाएं क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और नागरिकों के जीवनस्तर में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन विकास योजनाओं से क्षेत्र में आर्थिक विकास को बल मिलेगा तथा कनेक्टिविटी और रोजगार के बेहतर अवसरों की उपलब्धता में भी ये सहायक होगी।



विकास योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते सीएम।

मुख्यमंत्री ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा राज्य सरकार विकल्प रहित संकल्प के साथ हर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व में की गई घोषणाओं को पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्यारह वर्ष का कालखंड सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि जिन योजनाओं का शिलान्यास हो रहा है। उन योजनाओं को प्राथमिकता से पूरा किया जाए। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा अपराधी मानसिकताओ के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है। राज्य में सख्त भू कानून लागू किया गया है। साथ ही देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड, पहला प्रदेश बन गया है।

शेष खबर पेज आठ पर देखे

## डीएम ने एसडीएम से रिपोर्ट तलब की

**देहरादून।** महिला सुशीला पुरी ने जिनकी जोगीवाला में भूमि है ने उनकी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण किये जाने की शिकायत की थी। शिकायत पर डीएम ने उप जिलधिकारी को प्रकरण पर अब तक की गई कार्यवाही की विस्तार से रिपोर्ट तलब करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। पर्वतीय बालमंच के प्रतिनिधि सुधीर भट्ट की विकासनगर के ब्लॉक एनआरएसटी केन्द्र के पुनः संचालन फरियाद तथा बच्चों की परीक्षा कराने के अनुरोध पर डीएम मुख्य शिक्षा अधिकारी से लिखित केन्द्र के संचालन की तिथि बच्चों की परीक्षा कराने की अन्डरटेंकिग ली, जिस पर शिक्षा अधिकारी ने



लिखित जुलाई के प्रथम सप्ताह में अध्यापक भेजने तथा परीक्षा कराने को कहा। जनता दर्शन कार्यक्रम अपर जिलाधिकारी प्रशासन, पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, उप जिलाधिकारी हरिगिरि, उप जिलाधिकारी अपूर्वा सिंह, निदेशक ग्राम्य विकास अभिकरण विक्रम सिंह, जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार, मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार ढौंडियाल, जिला पूर्ति अधिकारी के.के अग्रवाल, जिला प्रोबेशन अधिकारी मीना बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास जितेन्द्र कुमार सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## नगर निगम भूमि घोटाले के मास्टरमाइंड को क्यों नहीं लिया गया शिकंजे में: मोर्चा

**विकासनगर (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष एवं जीएमवीएन के पूर्व उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह ने पत्रकार से वार्ता करते हुए कहा कि कुछ दिन पूर्व हुए हरिद्वार नगर निगम भूमि घोटाले में सरकार द्वारा विजिलेंस जांच की सिफारिश की गई है, जोकि सराहनीय कदम है, लेकिन उक्त पूरे घोटाले में मास्टरमाइंड जालसाज अधिकारी, जो सरकार में अच्छी दखल रखता है, के निर्देश पर उक्त अधिकारियों द्वारा ये जालसाजी की गई, को खुला छोड़ दिया गया, जो कि अपने आप में गंभीर प्रश्न पैदा करता है। सवाल




पत्रकार वार्ता के दौरान मोर्चा पदाधिकारी।

इस बात का है कि उक्त अधिकारियों द्वारा कैसे कूड़े के ढेर से लगती लगभग 30 बीघा भूमि लैंड यूज चेंज कर रातों–रात खरीद ली गई, जिससे सरकार को लगभग 40 करोड़ रुपए की चपत लगी द्य उक्त भ्रष्ट जालसाज अधिकारी के निर्देश पर ही इन अधिकारियों द्वारा पटकथा को अंजाम दिया गया था। नेगी ने कहा कि उक्त मास्टरमाइंड अधिकारी के निर्देश पर ही इन पीसीएस आईएएस अधिकारियों द्वारा ये कदम उठाया गया, इसमें गलती अधिकारियों की ही है कि क्यों इन्होंने उक्त जालसाज की बात मानी। नेगी ने कहा कि वैसे तो उक्त घोटाले की जांच आईएएस अधिकारी रणवीर सिंह चौहान द्वारा की जा चुकी है, जिसके परिणाम स्वरूप कुल मिलाकर 12 अधिकारियों को निलंबितः सेवा विस्तार समाप्त किया जा चुका है। अब तक उक्त घोटाले में इन अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज हो जानी चाहिए थी ,लेकिन नहीं हुई। नेगी ने कहा कि मोर्चा उक्त निलंबित अधिकारियों को आश्वस्त करता है कि अगर उक्त अधिकारी का नाम उजागर कर दें तो चाहे उक्त भ्रष्ट जालसाज अधिकारी के खिलाफ मा. न्यायालय की शरण ही क्यों ना लेनी पड़े, सबक सिखा कर ही दम लेंगेग्र आखिर उस जालसाज अधिकारी के गुनाहों का खामियाजा ये अधिकारी क्यों भुगतें। आलम यह है कि अधिकारी सिर्फ और सिर्फ अपना हित देख रहे हैं, उनको जनहित एवं जन भावनाओं से कोई लेना देना नहीं है।

# संपादकीय

## कैलाश मानसरोवर यात्रियों को होगी सुविधा?

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए सिक्किम स्थित नाथु ला और उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले स्थित लिपुलेख ला को अस्थायी रूप से अधिकृत आव्रजन चौकी घोषित किया है। यह व्यवस्था तीर्थयात्रियों के भारत में प्रवेश और निकास को सुगम बनाने के लिए की गई है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को सिक्किम में नाथू ला और उत्तराखंड में लिपुलेख ला (गुंजी) को कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए भारत में प्रवेश और भारत से बाहर जाने के लिए अस्थायी आधार पर अधिकृत आव्रजन जांच चौकियों के रूप में नामित किया। विदेश मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जून–सितंबर के दौरान दो मार्गों – लिपुलेख दर्रा और नाथू ला दर्रा के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करता है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए सिक्किम स्थित नाथु ला और उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले स्थित लिपुलेख ला को अस्थायी रूप से अधिकृत आव्रजन चौकी घोषित किया है। यह व्यवस्था तीर्थयात्रियों के भारत में प्रवेश और निकास को सुगम बनाने के लिए की गई है। विदेश मंत्रालय प्रत्येक वर्ष जून से सितंबर के दौरान लिपुलेख दर्रा और नाथू ला दर्रा से कैलाश मानसरोवर यात्रा का आयोजन करता है। यह यात्रा वर्ष 2020 में कोविड–19 महामारी के कारण निलंबित कर दी गई थी और इसके बाद भारत–चीन सीमा तनाव के कारण स्थगित रही। यह यात्रा अब फिर से शुरू हो रही है। गृह मंत्रालय से जारी एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार ने पूर्वी सिक्किम जिले में स्थित नाथू ला चेक–पोस्ट को कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए वैध यात्रा दस्तावेजों के साथ भारत में प्रवेशध्बाहर निकलने के लिए अस्थायी आधार पर अधिकृत आव्रजन चेक–पोस्ट के रूप में नामित किया है। इसी प्रकार की एक अधिसूचना में गृह मंत्रालय ने कहा कि पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के अनुसरण में केंद्र सरकार ने उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित लिपुलेख ला चेक–पोस्ट को कैलाश मानसरोवर यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए भारत में प्रवेशध निकास के वास्ते अस्थायी आधार पर अधिकृत आव्रजन चौकी के रूप में नामित किया है। यह स्थान हिंदुओं के लिए भगवान शिव का निवास स्थल है और जैन तथा बौद्ध समुदायों के लिए भी पवित्र है।

# रांग साइड से फिसलकर ट्रक के नीचे जा घुसे तीन बाइक सवार, एक की मौत

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सहसपुर थाना क्षेत्र में बाइक सवार तीन लोग रॉन्ग साइड से फिसल कर ट्रक के नीचे घुस गये। इस हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल गो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार देहरादून जिले के सहसपुर क्षेत्र कि लांघा रोड तिराहे के पास बाइक सवार तीन लोग रॉन्ग साइड से आने के कारण फिसल कर ट्रक के नीचे आ ग।. हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए। हादसे की सूचना पुलिस की दी गई। पुलिस और 108 एम्बुलेंस मौके पर पंहुची। घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जबकि एक युवक को गम्भीर हालत में विकासनगर सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां पर डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिय। सहसपुर थाना के एसएस आई ने बताया सहसपुर थाना क्षेत्र के लांघा रोड के तिराहे पर बाइक सवार रॉन्ग साइड से आकर फिसल गए। जिसके बाद वे ट्रक के नीचे आने से गंभीर घायल हो गए। जिसमें बाइक सवार तीन लोगों को काफी चोटें आई। घायलों को अस्पताल ले जाया गया। एक युवक को हालत मे अस्पताल मे ले जाया गया। डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।



मौके पर जमा लोग।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से दो लोगों की मौत

**किच्छा।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। उनका साथी गंभीर रूप से घायल है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। घायल का अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रविवार देर रात 18 वर्षीय अर्जुन, 19 वर्षीय प्रजव्वल उर्फ कृष्णा व जतिन निवासी ग्राम भंगा थाना पुलभट्टा किच्छा से अपने घर लौट रहे थे। सिरोली कला में हाईवे पर शर्मा ढाबे के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से तीनो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सीएचसी किच्छा में भर्ती करवाया गया। जहां चिकित्सक ने अर्जुन को मृत घोषित कर दिया।

# वैश्विक स्तरपर अब मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार होनें की संभावना-यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनिया सतर्क



## यूक्रेन ने ऑपरेशन स्पाइडर वेब को सफल अंजाम देने से पूरा विश्व हैरान-18 महीनों का प्लान 117 ड्रोन,41 बम्बर्स जेट तबाह

**गोंदिया।** वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में गुटबाजी युद्ध के दौर में नई–नई हैरत अंगेज युद्ध रणनीतियों को देखकर अपने आपको पूर्ण विकसित देशों की श्रेणी में रखने वाले देश भी आज दांतों तले उंगली दबा रहे हैं कि ऑपरेशन स्पाइडर वेब (मकड़ी का जाल) को आखिर अपने अंजाम तक पहुंचनें में रूस जैसा पूर्ण विकसित देश अपनी सुरक्षा में इतनी बड़ी चूक कैसे कर सकता है कि 117 ड्रोन रूस की सीमा में करीब 4000 किरूमी से अधिक तक अंदर में घुसकर पांच हवाई ठिकानों के 41 बमबर्स जेट तबाह कर सकता है,

मेरे जैसा सामान्य आदमी तो यह बात सपने में भी नहीं सोच सकता, इसकी तुलना अब 1941 के पर्ल हार्बर अटैक से की जा रही है।यूक्रेन के ड्रोन अटैक को पर्ल हार्बर अटैक से जोड़ा जा रहा है। इस हमले में जिस तरह यूक्रेन ने रूस को चौंकाया है, उसी तरह से 1941 में जापान ने अमेरिका को अपने हमले से चौंकाया था। दिसंबर, 1941 को जापान ने पर्ल हार्बर में एक आश्चर्यजनक हवाई हमला करते हुए अमेरिकी नौसैनिक अड्डे को तबाह किया था। इस हमले में 2,403 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। पर्ल हार्बर हमले को अमेरिका के द्वितीय विश्व युद्ध में शामिल होने की वजह माना जाता है।हालांकि ऑपरेशन स्पाइडर वेब के पीछे बड़ी ताकतों का हाथ होगा?परंतु यहां सवाल यह है खड़ा होता है कि यह 117 ड्रोन ऑपरेटर सहित रूस के 4000 किलोमीटर अंदर तक घुसने और पांच हवाई ठिकानों के पास पहुंचकर रिमोट से 41 बॉम्बर्स जेट्स को उड़ा दिया व रूस को पता ही नहीं चला। बता दें रिमोट का उपयोग ड्रोन के 20 किलोमीटर के दायरे से किया जा सकता है जो रूस की भारी सुरक्षा चूक का नतीजा हो सकता है,जिसका पूरी दुनियाँ को स्वतः संज्ञान लेकर, सीमा सुरक्षा को चाक चौबंद करना जरूरी हो गया है। चूँकि अब वैश्विक स्तरपर मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार हो सकता है, यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनियाँ सतर्क हो गई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,यूक्रेन ने रूस के घर में 4000 किलोमीटर अंदर घुसकर ऑपरेशन स्पाइडर वेब को सफल अंजाम देने से पूरा विश्व हैरान,18 महीनों का प्लान, 117 ड्रोन से 41 बॉमर्स जेट तबाहकर दिया!

साथियों बात अगर हम ऑपरेटरों सहित 117 ड्रोन को 4000 किलोमीटर अंदर तस्करी से रूस में पहुंचने को समझने की करें तो,कैसे दिया गया ऑपरेशन को अंजाम?,यूक्रेनी राष्ट्रपति ने मीडिया बताया है कि इस ऑपरेशन में इस्तेमाल किए गए 117 ड्रोन के साथ ड्रोन ऑपरेटरों की समान संख्या शामिल थी। यूक्रेन ने रूस में लक्ष्यों पर हमला करने के लिए सीधे ड्रोन लॉन्च करने के बजाय एक अलग और बेहद नया तरीका अपनाया।

विस्फोटकों से भरे यूक्रेनी ड्रोन्स को लकड़ी के ढांचे के अंदर छिपाकर रूस में तस्करी के जरिए पहुंचाया गया,इन लकड़ी के ढांचे को ट्रकों पर लादा गया था, जो एयरबेस के पास तक पहुंचाए गए।यूक्रेनी सुरक्षा सूत्र के अनुसार, ये ट्रक टागरेटिड एयरबेस के पास तक पहुंचने के बाद आगे की कार्रवाई की गई। इन ड्रोन के अपने टारगेट पर पहुंचने के बाद लकड़ी के ढांचे की छतें दूर से खोली गईं। इसके बाद ड्रोन ने उड़ान भरी और हमला शुरू कर दिया। ऑपरेशन के सबसे दिलचस्प हिस्से को साझा करते हुए जेलेंस्की ने मीडिया में कहा कि रूसी क्षेत्र पर यूक्रेन के ऑपरेशन का संचालन करने के लिए ऑफिश एफएसबी के मुख्यालय के ठीक बगल में बनाया गया।क्यों हो रही है पर्ल हार्बर से तुलना?,यूक्रेन ने कहा है कि उसके ड्रोन हमलों में रूस के 41 विमानों को नुकसान पहुंचा है। रूस के न्यूक्लियर कैपेबल टीयू –95, टीयू –22 बमवर्षक और ए–50 विमान इस हमले में तबाह हुए हैं। यूक्रेन का कहना है कि इन विमानों का इस्तेमाल उसकी जमीन पर बमबारी करने के लिए किया गया था। रूसी रक्षा मंत्रालय ने माना है कि यूक्रेन के ड्रोन हमलों में मुरमांस्क, इरकुत्स्क, इवानोवोरियाजान और अमूर एयरबेस को निशाना बनाया गया है। साथियों बात अगर हम ड्रोन वार भविष्य की हकीकत की करें तो,ड्रोन वॉर–ड्रोन वॉर आने वाले समय में मिलिट्री संघर्ष का आधार होने वाले हैं,ड्रोन तेजी से मुख्य बल बनने की तरफ बढ़ चुके हैं, यूक्रेन का स्पाइडर वेब हमला इस बात का उदाहरण है कि यूएवी या अनमैन्ड ड्रोन कोई नई चीज नहीं हैं बल्कि आने वाले समय में युद्धों लड़ने के तरीके का आधार हैं, माना जाने लगा है कि सेना, दुश्मन के इलाके में गहराई तक जा सकती है और जेट को बड़ा नुकसान पहुंचा सकती है,सबसे बड़ी बात है कि एक भी पायलट का जीवन जरा भी खतरे में नहीं आ सकता है। इसलिए ड्रोन सिस्टम की तरफ बढ़ना चाहिए,भारत ने अपने लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर्स और एयरट्रांसपोर्ट में दशकों तक रणनीतिक प्रयास किएहैं,लेकिन स्पाइडर वेब एक महत्वपूर्ण बात की पुष्टि करता है,वायु शक्ति का भविष्य मानव रहित, एआई– ऑपरेटेड और लंबी दूरी का होने वाला है, भारत ने उस दिशा में शुरुआती कदम उठाए हैं, लेकिन अभी तक वह स्पीड नहीं पकड़ सका है जिसकी अपेक्षा की गई थी। यूक्रेन के ऑपरेशन से भारत को स्वदेशी ड्रोन, आर्म्ड यूएवी और ऑटोनमी बेस्ड हथियार सिस्टम पर कहीं ज्यादा आक्रामक तरीके से आगे बढ़ना चाहिए।

अतः अगर हम उपरोक्त पर्यावरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि यूक्रेन ने रूस के घर में 4 हजार किरूमी अंदर घुसकर ऑपरेशन स्पाइडर वेब (मकड़ी का जाल) को सफल अंजाम देने से पूरा विश्व हैरान–18 महीनों का प्लान 117 ड्रोन,41 बम्बर्स जेट तबाह,वैश्विक स्तरपर अब मिलिट्री संघर्ष का आधार ड्रोन वार होनें की संभावना–यूक्रेन के ऑपरेशन स्पाइडर वेब से दुनिया सतर्क,यूक्रेन द्वारा रूस में 4 हजार किरूमी अंदर तस्करी से घुसकर 117 ड्रोन ऑपरेटर सहित एयरबेसो के पास पहुंच जाकर 41 बमबर्स जेट को उड़ाया भारी सुरक्षा चूक –विश्व को हाई अलर्ट पर सुरक्षा संज्ञान लेना जरूरी।

लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार
एडवोकेट किशन सनमुखदास
भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र

# धामी सरकार की प्रतिबद्धता से साकार हो रही सुरक्षित चारधाम यात्रा

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखंड की प्रतिष्ठित चारधाम यात्रा 2025 में इस बार न सिर्फ श्रद्धालुओं की आस्था को बल्कि उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा के दौरान संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के निर्देशन में राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने यात्रा मार्ग पर स्वास्थ्य सेवाओं की ऐसी प्रभावशाली व्यवस्था की है, जिसके तहत अब तक 5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य जांच (स्क्रीनिंग) की जा चुकी है। स्वास्थ्य सचिव ने बताया कि चारधाम यात्रा में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में वृद्ध, हृदय व सांस रोगियों के अलावा पहाड़ी क्षेत्र में पहली बार आने वाले लोग भी होते हैं। इनके लिए ऊंचाई, ठंड और ऑक्सीजन की कमी स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम बन सकती है। इसी को ध्यान में रखते हुए इस बार स्वास्थ्य सेवाओं को त्रिस्तरीय स्तर पर सशक्त बनाया गया है। यात्रा मार्ग पर सशक्त स्वास्थ्य ढांचाः स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने बताया कि राज्य सरकार की प्राथमिकता इस वर्ष केवल तीर्थयात्रियों की संख्या ही नहीं, बल्कि प्रत्येक श्रद्धालु की सुरक्षा और स्वास्थ्य सुनिश्चित करना है। इसके लिए हम तकनीक, विशेषज्ञता और मानव संसाधन तीनों पर समांतर रूप से कार्य कर रहे हैं। रुद्रप्रयाग, चमोली और उत्तरकाशी जैसे चारधाम जिलों में इस बार 49 स्थायी स्वास्थ्य केंद्र और 20 मेडिकल रिलीफ पोस्ट को सक्रिय किया गया है। वहीं ट्रांजिट जिलों–हरिद्वार, देहरादून, टिहरी और पौड़ी में भी मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। यात्रा प्रारंभ बिंदुओं पर 57 स्क्रीनिंग कियोस्क लगाए गए हैं, जिनमें हरिद्वार और ऋषिकेश में 2–2, विकासनगर में 2 और पौड़ी के कलियासौड़ में 1 नया स्क्रीनिंग सेंटर जोड़ा गया है। 17 बेड का नया अस्पतालः केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु इस बार एक 17 बेड का नया अस्पताल भी सेवा में लाया गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल स्टाफ की रिकॉर्ड तैनाती चारधाम यात्रा मार्ग पर इस बार मानव संसाधन की तैनाती सरकार की गंभीरता को दर्शाती है। 31 विशेषज्ञ डॉक्टर, 200 मेडिकल ऑफिसर, 381 पारा–मेडिकल स्टाफ यात्रा मार्ग पर तैनात किए गए हैं। इसके अलावा प्रति रोस्टर 24 अतिरिक्त मेडिकल ऑफिसर (कुल 336) 35 पारा–मेडिकल स्टाफ (कुल 420) भी शामिल हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती में 47 विशेषज्ञ राज्य स्वास्थ्य सेवा से, 13 विशेषज्ञ भारत सरकार से, और 5 विशेषज्ञ निजी मेडिकल कॉलेजों से लिए गए हैं।



स्क्रीनिंग करते हुए।

ट्रेनिंग, जागरूकता और जनसहभागिता को प्राथमिकताः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने केवल मेडिकल स्टाफ ही नहीं, बल्कि होटल, धर्मशाला स्टाफ, खच्चर चालकों और कुलियों को भी प्रशिक्षित किया है ताकि वे हाई रिस्क लक्षणों को पहचान सकें और समय पर रेफरल सुनिश्चित कर सकें। साथ ही, हाइपोथर्मिया जैसे जोखिम से बचाव हेतु भी विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया है। यात्रा मार्ग पर डिजिटल सतर्कताः ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल के माध्यम से स्वास्थ्य डेटा की निगरानी और आपात स्थिति की त्वरित प्रतिक्रिया संभव हो पाई है। इसके लिए चारधाम जिलों को 50 टैबलेट दिए गए हैं जिससे सभी स्क्रीनिंग और मेडिकल रिलीफ पोस्ट पर डेटा डिजिटल रूप से संकलित हो रहा है।

13 भाषाओं में तैयार पर्चे, होर्डिंग्स और जानकारी संबंधित सामग्री को स्क्रीनिंग प्वाइंट्स और होटलों में वितरित किया गया है ताकि हर राज्य से आने वाले तीर्थयात्री जानकारी से लाभान्वित हो सकें। 154 एंबुलेंस और हेली सेवा हर समय तत्परः यात्रा मार्ग पर 154 एंबुलेंस तैनात हैं, जिनमें 82 स्वास्थ्य विभाग की और एंबुलेंस सेवा हैं। इस बार पहली बार हेली एंबुलेंस सेवा को भी जोड़ते हुए इसे एम्स ऋषिकेश के सहयोग से संचालित किया जा रहा है।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत पौड़ी पहुंचेगी भारत सरकार की टीम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के तत्वावधान में चलाए जा रहे विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ–2025 के अंतर्गत उत्तराखंड में व्यापक स्तर पर किसानों को जागरूक करने की पहल की जा रही है।

इस अभियान का उद्देश्य आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों के माध्यम से किसानों की आय में वृद्धि करना, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा जलवायु अनुकूल खेती को बढ़ावा देना है। इस अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम राज्य के विभिन्न जनपदों में खंड स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं। पौड़ी गढ़वाल जनपद में इस अभियान के अंतर्गत 10 जून 2025 को पौड़ी जनपद के बीरोंखाल ब्लॉक तथा 11 जून 2025 को देवराड़ी देवी पौखड़ा में खंड स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में भारत सरकार के प्रतिनिधि अनूप सिंह बिष्ट (उप सचिव, विस्तार, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय), एस. भानमती (उप निदेशक) और जिस्नु के. जे. (क्षेत्रीय गृह अर्थशास्त्री) प्रतिभाग कर किसानों को कृषि संबंधित योजनाओं,नई कृषि तकनीकों, बीजों की उन्नत किस्मों, नवाचार,जल प्रबंधन, जैविक खेती और बाजार संपर्क जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन देंगे साथ ही उनकी समस्याओं का समाधान भी करेंगे।

# वैज्ञानिक टीमों ने किसानों को दी खरीफ फसल प्रबंधन की वैज्ञानिक सलाह

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से संबद्ध भारतीय मृदा एवं जल संरक्षण संस्थान, देहरादून की वैज्ञानिक टीमों ने अभियान के बारहवें दिन ब्लॉक विकासनगर, कालसी, सहसपुर और बहादराबाद (हरिद्वार) के 19 गांवों का दौरा किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने किसानों और अन्य हितधारकों को खरीफ फसलों के बेहतर प्रबंधन, जल व नमी संरक्षण, मृदा स्वास्थ्य सुधार तथा भूमि क्षरण रोकथाम संबंधी तकनीकी जानकारी और प्रत्यक्ष सहायता प्रदान की।



कार्यक्रम को संबोधित करते वक्ता।

यह अभियान क्षेत्रीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिक और स्थान–विशेष की कृषि सलाहों के वितरण पर केंद्रित रहा। वैज्ञानिकों की टीमों ने खेतों का निरीक्षण कर किसानों से संवाद किया और वन्यजीवों द्वारा फसल क्षति, सिंचाई संरचनाओं की कमी, गुणवत्तायुक्त बीज व उर्वरकों की अनुपलब्धता, खरपतवार की अधिकता, कीट–रोग का प्रकोप तथा विपणन समस्याओं जैसी प्रमुख चुनौतियों को चिन्हित किया। इन समस्याओं के समाधान स्वरूप वैज्ञानिकों ने जल संचयन, जीवनरक्षक सिंचाई, नमी संरक्षण तकनीकें, मृदा परीक्षण और सुधार उपायों की जानकारी साझा की। साथ ही स्थानीय जलवायु, मिट्टी की वहन क्षमता और संसाधनों के अनुसार उपयुक्त फसलों के चयन पर विशेष बल दिया गया। यह पहल किसानों की आय बढ़ाने और टिकाऊ कृषि की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

# प्रधान, बीडीसी पदों पर कार्यकर्ताओं को उतारकर, सभी अध्यक्ष सीट भाजपा जीतेगीः महेंद्र भट्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भाजपा ने पंचायत चुनावों में सभी प्रधान, बीडीसी सदस्य पद पर कार्यकर्ताओं को उतारने के लक्ष्य के साथ सभी अध्यक्ष पदों को जीतने का दावा किया है।



इसके अतिरिक्त प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस में लंगड़े घोड़ों की तलाश पर तंज किया कि वहां अधिकांश लंगड़े घोड़े होने के चलते ही कांग्रेस की दुर्दशा हुई है, जो दौड़ने वाले थे वे सब भाजपा में आ गए और दो चार शेष बचे भी शीघ्र आ जाएंगे। वहीं कांग्रेस के बेटी बचाओ अभियान पर पलटवार किया कि हमारी सरकार दोषियों को दंड दिलाने में अपने पराए का भेद नहीं करती, जबकि कांग्रेस सरकारों ने दोषियों को बचाया।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 सफल वर्ष पूरे होने पर प्रदेशवासियों की तरफ से बधाई दी। साथ ही कहा कि यूं तो प्रत्येक वर्ष अपने कामकाज और उपलब्धियों का रिपोर्ट रखने की नई परम्परा पर मोदी जी अमल करते आ रहे हैं। लेकिन 11 वर्षों के विशेष अवसर पर आयोजित राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत राज्य में कल मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी की पत्रकार वार्ता के साथ हो जाएगी। 11,12 को जिला केंद्रों पर पत्रकार वार्ता श्रृंखला के बाद जनसभाओं, प्रदर्शनी, प्रबुद्ध सम्मेलन, विभिन्न प्रतियोगिताओं आदि विभिन्न कार्यक्रमों से पार्टी सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाएगी। पंचायत चुनावों को लेकर प्रदेशाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि सरकार की तरह पार्टी संगठन भी पूर्णतया तैयार है। अब तक की जानकारी के अनुसार परिस्थितियां अनुकूल होने पर जुलाई माह में चुनाव हो सकते हैं। जिसके लिए पार्टी ने अपनी रणनीति और चुनावी टीमें तैयार कर ली है। जैसे ही तिथियों की घोषणा होगी, टीम के नामों की घोषणा हो जाएगी और पार्टी पर्यवेक्षकों को क्षेत्रों में भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा, पार्टी जिला पंचायत सदस्यों पर समर्थित उम्मीदवारों को चुनाव में उतारती है, लेकिन इस मर्तबा पार्टी का लक्ष्य है सभी प्रधान और बीडीसी सदस्य पद पर कार्यकर्ताओं को मैदान में उतारा जाए। उन्होंने दावा किया कि संगठन की तैयारी और सरकार की उपलब्धियां बताती हैं, सभी जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अधिकांश क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष सीटों कमल खिलेगा। इस दौरान कांग्रेस में लंगड़े घोड़े की चर्चा से संबंधित सवाल का जवाब देते हुए कटाक्ष किया कि वहां सभी घोड़ों के लंगड़े होने से ही कांग्रेस की दुर्दशा हुई है। जो घोड़े राजनीति में दौड़ने वाले थे वे भाजपा में आ गए और जो दो चार शेष होंगे वे भी 2027 तक पार्टी में आ जायेंगे।

# बच्चों की शिक्षा नहीं होगी बाधितः जिलाधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बसंल की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता दर्शन कार्यक्रम 118 शिकायत प्राप्त हुई, जिनमें अधिकतर शिकायत भूमि सम्बन्धि प्राप्त हुई इसके अतिरिक्त आपसी विवाद, विद्युत, एमडीडीए, सिंचाई, परिवहन, नगर निगम आदि विभागों से सम्बन्धित प्राप्त हुई।



जिलाधिकारी समस्याएं सुनते हुए।

जिलाधिकारी ने समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया जनसुनवाई में जो शिकायत प्राप्त हो रही हैं, उन पर कृत कार्यवाही तथा गतिमान कार्यवाही की सूचना सम्बन्धित शिकायतकर्ता को दी जाए जिससे वे अपने शिकायत की अद्यतन स्थिति के लिए अनावश्यक न भटकें। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए की जनमानस की समस्या निस्तारण को प्राथमिकता से करें, साथ अधिकारियों को जन के प्रति उनके दायित्वों को समझाते हुए सख्त लहजे में चेतावनी दी कि जनमानस के प्रति अपनी जिम्मेदारी ने नही बच सकते है। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायतों पर कार्यवाही हेतु एक प्लान तैयार करते हुए धरातल पर वस्तुस्थिति से रूबरू होते हुए सख्त कार्यवाही की जाए। वहीं विभागों की शिकायत आने तथा सक्षम अधिकारी उपस्थित न रहने पर आरटीओ, एआरटीओ का वेतन रोकने तथा एक्सियन लोनिवि का स्पष्टीकरण तलब किया। जनता दर्शन में भूमि सम्बन्धि अधिक प्रकरण तहसील विकासनगर से प्राप्त हो रहें, जिस पर डीएम अब प्रत्येक जनता दर्शन कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार विकासनगर को जनता दर्शन में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए।

ग्राम कुंजा विकासनगर निवासी विधवा महिला जिनकी दो बेटियां इशिका व वंशिका को उनके पिता की भूमि पर प्रशासन ने दिलाया हक, जल्द पुलिस बल की मौजूदगी में कब्जा दिया जाएगा। पति की मृत्यु के बाद अपनी पुत्रियों के साथ अपने पति के हिस्से की पुस्तैनी सम्पति को भटक रही महिला को डीएम दरबार में न्याय मिला हैं परिजनों द्वारा उनको हिस्सा नही दिया जा रहा था डीएम के संज्ञान में आते ही उप जिलाधिकारी विकासनगर को कार्यवाही के निर्देश दिए गए थे, जिस पर तहसील ने अपनी रिपोर्ट लगाते हुए पीड़ितों को कब्जा दिलाने के लिए पुलिस फोर्स की मांग की है, जल्द ही पुलिस व प्रशासन की मौजूदगी में महिला तथा उनकी बेटियों को कब्जा दिलाया जाएगा। अपर तलाई निवासी कैलाश कुकरेती ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके खेत में लोनिवि ऋषिकेश द्वारा सड़क निर्माण किया किन्तु मलबा उनके खेत से नही हटाया सिंचाई गूल भी दबा दी जिस पर डीएम लोनिवि अधिकारियों से लिखित कार्य का समय बताने के निर्देश दिए, लोनिवि के अधिकारियों ने 1 सप्ताह में मलबा हटाने कार्यवाही करने की की अन्डरटेकिंग लिखित में दी। लखवाड़ बांध प्रभावित लुदरसिंह चौहान, इस्टहोपटाउन निवासियों द्वारा अपने शिकायती पत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 72 के निर्माण हेतु इस्टहोपटाउन की भूमि अधिग्रहण की गई भूमिधारकों को मुआवजा नही दिया गया।

## मसूरी रोड पर गहरी खाई में गिरी कार, दो लोग गंभीर रूप से घायल

**देहरादून।** रविवार सुबह मसूरी देहरादून मार्ग पर कोलुखेत पानी वाले बैंड के समीप एक कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार दो लोग युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर मसूरी पुलिस एसआई पंकज सिंह महिपाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ और 108 एंबुलेंस घटनास्थल पर पहुंची। जिसके बाद स्थानीय लोगों की मदद से एसडीआरएफ के जवानों व पुलिस ने खाई में गिरे दो युवकों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला। मसूरी पुलिस ने बताया कि सुबह के समय देहरादून से मसूरी जाते हुए कोलुखेत के पास पानी बैंड के पास कार बीआर 06 डीएच 3402 आनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में कार सवार नैतिक राजपत्र रणधीर कुमार सिंह, निवासी ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश (उम्र 32 वर्ष) और अनुराग चौधरी पुत्र केदार चौधरी निवासी नालापानी चौक हिल व्यू अपार्टमेंट थाना रायपुर देहरादून (उम्र 31 वर्ष) सवार थे।

## अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता की मेजबानी में जुटा उत्तराखंड

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** इस बार उत्तराखंड में अखिल भारतीय वन खेल होने जा रहे हैं। जिसको लेकर वन विभाग न केवल तैयारियों की शुरुआत करने जा रहा है, बल्कि नव्या पांडे जैसे खिलाड़ी प्रदेश में इन खेलों के दौरान बड़ी संख्या में पदक राज्य को मिलने की भी उम्मीद बढ़ा रहे हैं। जॉर्डन में जु –जित्सू खेल में गोल्ड और सिल्वर मेडल जीतकर आने वाली खिलाड़ी नव्या पांडे को आज उत्तराखंड वन विभाग में सम्मानित किया गया। इस दौरान वन मंत्री सुबोध उनियाल और प्रमुख वन संरक्षक हॉफ धनंजय मोहन ने नव्या पांडे को मेडल पहनाए। इससे पहले नव्या को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी सम्मानित कर चुके हैं। नव्या पांडे उत्तराखंड वन विभाग में वन दारोगा के पद पर काम कर रही हैं। नव्या ने जॉर्डन में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए देश को पदक दिलाए हैं। बड़ी बात यह भी है कि एशियाई चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारत की वो पहली महिला हैं। नव्या इससे पहले भी कई पदक जीत चुकी हैं और इसीलिए उन्हें पूर्व में आउट ऑफ टर्न प्रमोशन भी मिल चुका है।

खास बात यह है कि उत्तराखंड में इस बार 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद प्रतियोगिता होने जा रही है। जिसके लिए वन विभाग तैयारी में जुटा हुआ है। खास बात ये है कि इस बार उत्तराखंड को इसके लिए मेजबानी मिली है।

## अस्पतालों के सात सौ उपनल कर्मचारियों ने किया कार्यबहिष्कार

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** सोमवार को डॉ सुशीला तिवारी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में कार्यरत उपनल कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। प्रदर्शनकारी उपनल कर्मचारियों ने अपनी मांगों को पूरा किए जाने की मांग की।

सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में कार्यरत करीब 700 कर्मचारी हड़ताल पर चले गए हैं। कर्मचारियों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वह पिछले 20 सालों से अधिक समय से सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कोविड के दौरान भी उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों की सेवा की थी, लेकिन पिछले चार महीनों से उनको अभी तक वेतन नहीं दिया गया है। कर्मचारी पूरी उम्र अपनी सेवा देते आ रहे हैं, लेकिन उनको अभी तक स्थाई कर्मचारी भी



प्रदर्शन करते उपनल कर्मी।

नहीं बनाया गया। बहुत से कर्मचारी अब रिटायर होने की उम्र में आ चुके हैं, लेकिन उनको अभी तक स्थाई भी नहीं किया गया।

कर्मचारियों ने साफ किया है कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वो जल्द बड़ा आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने अस्पताल प्रशासन को चेतावनी दी है कि तीन दिन के भीतर में उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी अस्पताल प्रशासन की होगी। इस मामले में राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण जोशी का कहना है कि कर्मचारियों का करीब 4 महीने से वेतन नहीं मिला है। इसको लेकर शासन स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

## खेल मंत्री रेखा आर्या ने योग दिवस व ओलंपिक दिवस की तैयारियों को लेकर ली समीक्षा बैठक

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्या ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में आगामी 21 जून को विश्व योग दिवस एवं 23 जून को अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर विभागीय कार्यक्रम किये जाने के संबंध में खेल विभाग एवं महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की। मंत्री ने आगामी 21 जून को होने वाले विश्व योग दिवस के दिन महिला सशक्तिकरण विभाग युवा कल्याण तथा खेल विभाग द्वारा सामुहिक आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि योग दिवस



समीक्षा बैठक लेती खेल मंत्री रेखा आर्या।

के कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकत्री महिलाएं, शिशु सदन के बच्चे तथा विभिन्न खेलों के बच्चों को शामिल किया जाएगा तथा इन्हें बेहतर प्रशिक्षक के माध्यम से योगाभ्यास कराया जायेगा जिससे सभी आयु वर्ग इस आयोजन से लाभान्वित हो सके।

खेल मंत्री ने कहा कि योग का हमारे जीवन में स्वास्थ्य, मानसिक तथा आध्यात्मिक दृष्टि महत्वपूर्ण आधार है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा उत्तराखण्ड से ही योग दिवस की शुरूआत की गई थी। उन्होंने कहा कि योग हमेशा से ही बेहतर स्वास्थ्य के लिए लाभकारी सिद्ध होता आया है। मंत्री ने कहा कि हम पहली बार 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस मनाने जा रहे हैं। खेल विभाग द्वारा मानसखण्ड खेल परिसर गोलापार में अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि इस आयोजन में राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में जनमानस का प्रतिभाग होगा तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ–साथ खेल की विद्याओं का आयोजन भी किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड ओलंपिक एसोसिएशन तथा खेल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

10 June 2025_Copy of Layout 1 6/10/2025 11:47 AM Page 5



# चमोली में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन



**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान गौचर में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का समापन हो गया है, समर कैंप में स्थानीय स्कूलों पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गौचर, पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज गौचर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौचर, राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय गौचर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गौचर, सरस्वती शिशु मंदिर गौचर , ब्रिटिश इंग्लिश अकादमी प्री स्कूल गौचर, संस्कार पब्लिक स्कूल, शिवालिक पब्लिक स्कूल, केंद्रीय विद्यालय गौचर के 100 से अधिक बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

कैंप में बच्चों को हस्तलेखन, नृत्य, योग, एरोबिक्स, नृत्य, आनंदम आदि का प्रशिक्षण दिया गया स बच्चों द्वारा पांच दिवसीय कार्यक्रम का भरपूर लुत्फ लिया गया स केंद्रीय विद्यालय गौचर की छात्रा दिया का कहना है कि उन्होंने इस समर कैंप में लेखन संबंधी बहुत सी बारीकियां सीखी है।स वहीं राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौचर के छात्र शावान ने इस कैंप को बहुत ही लाभकारी बताया। कार्यक्रम में मुख्य संदर्भ दाता के रूप में राजकीय जूनियर हाई स्कूल करूली बागेश्वर के प्रधानाध्यापक नरेंद्र गिरी गोस्वामी मौजूद रहे। उनके साथ उन्हीं के विद्यालय के 6 छात्र–छात्रा दीक्षा, सौम्या, अभय, विजय, नैतिक, और दिव्यांशु ने संदर्भदाता की भूमिका निभाई।

इसी के साथ जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के डीएलएड प्रशिक्षुओं को दिया जा रहा पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला का भी समापन हो गया।

इस मौके पर संस्थान के प्राचार्य आकाश सारस्वत ने कहा कि अच्छा लेख शिक्षा की रीढ़ है अच्छे लेख के बिना हम अपने व्यक्तित्व का विकास नहीं कर सकते हैं स कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र ने बताया कि शीतकालीन अवकाश के समय भी स्थानीय बच्चों के लिए पांच दिवसीय हस्तलेखन कार्यशाला रखी गई थी जिसका बहुत अच्छा फीडबैक देखने को मिला इसी कारण इस बार समर कैंप का आयोजन किया गया। शीतकालीन अवकाश के समय भी विंटर कैंप का आयोजन प्रस्तावित है।

इस अवसर पर राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुरुषोत्तम टम्टा , राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शशि कंडवाल, राजकीय ब्रिटिश इंग्लिश अकादमी प्रीस्कूल की प्रधानाध्यापिका आरती बिष्ट, सुमित कुमार,पंकज कुमार, मनीष बिष्ट ,राहुल चंद्र शाह ,सुबोध डिमरी , नीतू , मोनिका कार्यक्रम के समापन अवसर पर मौजूद रहे। समापन सत्र का संचालन कार्यक्रम के समन्वयक डॉक्टर कमलेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया।

## सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता जनपद चमोली के रिक्त पद पर आबद्धता हेतु आवेदन मांगे गए हैं

**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) जनपद चमोली के रिक्त पद आबद्धता हेतु ऐसे इच्छुक विधि व्यवसायी जिन्होंने 07 वर्षों तक विधि व्यवसाय किया हो, पिछले 03 वर्षों की विधि व्यवसाय की आय पर उनके द्वारा अदा किये गये आयकर की धनराशि और यदि आयकर न लगाया गया हो, तो उनके द्वारा भेजी गयी आयकर विवरणी, दो वर्षों की कार्यवाही के दौरान उनके द्वारा किये गये कार्य का न्यायालय द्वारा यथाविधि सत्यापित ब्यौरा एवं शैक्षिक संबंधी अभिलेखों की प्रमाणित प्रति सहित अपना आवेदन पत्र जिला मजिस्ट्रेट, चमोली को पंजीकृत डाक से निम्नांकित बिन्दुओं का उल्लेख करते हुये दिनांक 20 जून तक जमा कर सकते हैं। जिला अधिकारी ने बताया कि दिनांक 20.06.2025 के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नहीं किया।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तरीय बैठकों का सफल आयोजन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत न्याय पंचायत नौटी अंतर्गत ग्राम झुरकंडे, नौटी और तोली में आज विशेष बैठकों का सफल आयोजन किया गया।

इन बैठकों में कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वालदम के विशेषज्ञों ने भाग लेकर कृषकों को विभागीय योजनाओं, तकनीकी जानकारी व समाधानपरक सुझावों से अवगत कराया। बैठकों में मंडुवा उत्पादन को प्रोत्साहित करते हुए जानकारी दी गई कि भारत सरकार द्वारा डीबीटी माध्यम से किसानों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। साथ ही 14 व 15 जून को देहरादून (गाड़ी कैंट) में आयोजित होने वाले ष्ग्री फेस्ट में भाग लेने हेतु इच्छुक किसानों के नाम भी दर्ज किए गये । कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र, ग्वालदम से डॉ. एस. एस सिंह डॉ. शिवदयाल, कृषि विभाग से प्रभारी श्री शिवप्रसाद गोड़ एवं दीपक थपलियाल, पशुपालन विभाग से फार्मासिस्ट अंजू रावत, तथा उद्यान विभाग से श्री हिमांशु पुरोहित एवं अन्य कर्मचारियों ने सहभागिता की। इन्होंने उपस्थित कृषकों को अपने–अपने विभागों की योजनाओं, तकनीकों व लाभों की जानकारी दी। इन बैठकों में किसानों की सक्रिय भागीदारी रही और कार्यक्रम का संचालन सुचारू एवं प्रभावशाली रहा, जिससे ग्रामीणों में उत्साह व जागरूकता का माहौल बना रहा।

# गोपेश्वर महाविद्यालय में दो दिवसीय योग कार्यशाला हुई शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गोपेश्वर चमोली में योग एवं मर्म चिकित्सा पर राष्ट्रीय कार्यशाला शुरू हो गई है।



बीएड विभाग, सुबोध प्रेम विद्यामंदिर एवं घनश्याम स्मृति पहाड़ी फूड प्रोडक्ट के संयुक्त तत्त्वाधान में आयोजित कार्यशाला का शुभारंभ बद्रीनाथ विधायक लखपत बुटोला ने किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि योग सार्थक तभी हो सकता है जब विचारों और भोजन में शुद्धता हो। मुख्य प्रशिक्षक पूर्व आईएएस सीएम भंडारी ने योग के मानसिक पक्ष को शारीरिक व्यायाम जितना महत्वपूर्ण बताया। उत्तराखंड आयुर्वेद विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं मर्म चिकित्सक डॉ सुनील कुमार जोशी ने योग की पद्धति में मर्म चिकित्सा को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मर्म चिकित्सा के अच्छे परिणामों से इसे विभिन्न विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में सम्मिलित किया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि अपर जिलाधिकारी चमोली विवेक प्रकाश ने कहा कि योग मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एमपी नगवाल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और आयोजक सचिव डॉ आरके यादव द्वारा सभी उपस्थितों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो एके जायसवाल ने संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन किया। इससे पूर्व जिम्नेजियम में योगाभ्यास करवाया गया। तत्पश्चात् रोग निदान एवं उपचार शिविर के माध्यम से लोगों की समस्याओं को मर्म चिकित्सक को बताते हुए उसका निवारण योग के माध्यम से बताया गया।

# लालकुआं में छठवें राज्य वित्त आयोग की टीम को ग्राम प्रधानों ने गिनाई समस्याएं

**लालकुआं (नजरिया खबर ब्यूरो)।** देहरादून से आयी छठवें राज्य वित्त आयोग की टीम को हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान लालकुआं क्षेत्र के ग्राम प्रधानों ने प्रधानों को जनसंख्या के आधार पर दिए जा रहे बजट से तीन गुना अधिक बजट वर्तमान स्थिति को देखते हुए ग्राम सभाओं को देने की जोरदार मांग की गई।



छठवें वित्त आयोग की टीम के साथ लालकुआं क्षेत्र के प्रधान।

हल्द्वानी ब्लॉक कार्यालय में आईआईटी रुड़की के प्रोफेसर व उनकी टीम के समक्ष ग्राम प्रधानों ने अपनी गंभीर समस्या से उन्हें रूबरू कराते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों में 2011 के जनसंख्या के आधार पर बजट दिया जा रहा है, जो कि बहुत कम है, बजट में जनसंख्या के सापेक्ष तीन गुना बढ़ोतरी होनी चाहिए, व ग्राम पंचायत में स्वच्छता सेवक हो, ग्राम पंचायत में आपदा का स्वतंत्र रूप में बजट हो, मनरेगा के कार्यों को सरल बनाया जाय, व कार्य पूर्ण होने पर जल्द बजट का प्रवधान हो, सीएसआर फंड को ग्राम पंचायत में दिया जाय जिसमें अभी जिला पंचायत का पूर्ण अधिकार है, दुकान, मॉल कंपनी, नक्से पास करने पर ग्राम पंचायत को 100: जमा हो, हाट बाजार का बजट पंचायत एक्ट के अनुसार ग्राम पंचायत में जमा हो, प्रधानों को दिये जा रहें मानदेय का अलग से प्रावधान हो और सम्मानजनक मानदेय दिया जाय,

प्रधानों ने कहा कि बैठक में आए विशेषज्ञ प्रदेश सरकार व ग्राम प्रधानों के बीच सेतु बनने का काम करेंगे। बैठक में आईआईटी रुड़की से आलोक अरुण व उनकी टीम, खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर, एडीओ पंचायत ललित सिंह ग्वाल,

ग्राम प्रधान सगठन की अध्यक्ष रुक्मणि नेगी, प्रधान रामलाल आर्य, प्रधान कुंदन बोहरा, प्रधान प्रतिनिधि रोहित बिष्ट, प्रधान मीना निगल्टिया व कई प्रधान गण उपस्थित थे।

10 June 2025_Copy of Layout 1 6/10/2025 11:47 AM Page 6



# हल्द्वानी में चैक बाउंस मामले में तीन साल से फरार चल रहा बॉलीवुड का डायरेक्टर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**हल्द्वानी (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पुलिस ने तीन साल से फरार बॉलीवुड फिल्म डायरेक्टर कवल शर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। चेक बाउंस के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कवल शर्मा को एक साल की सजा सुनते हुए 51.10 लाख का जुर्माना लगाया था। वर्ष 2022 में जमानत याचिका खारिज होने के बाद से वह फरार चल रहा था। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि जिले में लंबे समय से वंचित चल रहे अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। इसी क्रम में रविवार को पुलिस ने कवल शर्मा को सिटी माल कंपाउंड रिंग रोड थाना अम्बोली अंधेरी मुंबई से गिरफ्तार कर लिया। कवल मूलरूप से मशवीना शर्मा कृष्णा 103 एवर साईन नगर रिंग रोड़ मलाड़ वेस्ट मुंबई महाराष्ट्र व बी–102 कृष्णा उत्सव नियर मूवी टाईम खण्डेलवाल ले आउट लिंक रोड़ कच्छपढा स्टाप मलाड़ पश्चिम मुंबई का रहने वाला है और हाल में 12 जुहू शिल्पा जुहू रेजिडेंसी के पीछे जे डब्लू मैरिएट होटल के सामने ख्वाजा अब्बास लाइन थाना शान्ताक्रुज मुंबई में रह रहा था।इनकी मुलाकात 2013 में स्थानीय व्यापारी की सुपर माडल लड़की से हुई थी। उस समय कवल शर्मा की एक फिल्म दिल्ली आई रिलीज होने वाली थी। कवल शर्मा के पास उस समय पैसे कम थे। उसने व्यापारी की सुपर माडल लड़की से 35 लाख रुपये उधार लिए। साथ ही फिल्म रिलीज के दिन से 30 दिन के भीतर मुनाफे के साथ 50 लाख रुपये वापस करने की डील की। बकायदा 50 लाख के चेक दे दिये थे। बैंक खाते में पैसे न होने के कारण चेक बाउंस हो गए थे। व्यापारी की सुपर माडल लड़की ने 2015 में कवल शर्मा के खिलाफ कोर्ट में चेक बाउंस का वाद दायर किया। 17 जनवरी 2019 को न्यायालय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हल्द्वानी से एक वर्ष का कारावास व 51.10 लाख जुर्माना की सजा सुनाई।सजा के विरुद्ध कवल शर्मा ने 19 फरवरी 2019 को अपील जमानत ली। जिसके लिए बांधपत्र व दो जमानतियों का जमानत पत्र भर कर न्यायालय में दिया गया था।



पकड़ा गया आरोपी।

नौ मई को न्यायालय ने कवल शर्मा की अपील को खारिज कर दी। उसके बाद कवल शर्मा के विरुद्ध कई सम्मन, वारंट व मुंबई के लोकल अखबार में उसको बुलाने के लिए उद्घोषणा हुई। मगर जेल जाने के डर से वह कोर्ट नहीं पहुंचा। जिसके बाद उसके विरोध एक और केस व गैर जमानती वारंट जारी हुआ था। टीम में तल्लीताल थाने के एसआई देवेंद्र राणा, मंगलपड़ाव पुलिस स्टेशन प्रभारी गौरव जोशी, सिपाही संतोष कुमार, ललित रेखाडी मौजूद रहे।

## पोकलैंड मशीन के अगले सिरे से वार कर युवक की हत्या

**कोटद्वार।** सतपुली थाना क्षेत्र के अंतर्गत सतपुली मल्ली में एक युवक की हत्या कर दी गई। सड़क चौड़ीकरण कार्य में लगे पोकलैंड चालक ने मशीन के अगले सिरे से युवक सिर पर वार किया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अन्जाम देने के बाद आरोपी फरार हो गया। इस मामले में मौके पर घंटो बाद भी पुलिस के न पहुंचने पर लोगों ने जमकर हंगामा काटा और जाम लगा दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक का नाम सुमन देवरानी था और वह डाडामंडी का निवासी था। बीती मध्य रात्रि गांव में आयोजित विवाह समारोह में शिरकत कर सुमन वापस सतपुली जा रहा था। उस दौरान आरोपी ने इस हत्याकांड की वारदात को अंजाम दिया। सुमन सतपुली में फोटोग्राफर का काम करता था। घटना के घंटों बाद भी मृतक का पंचायतनामा न होने से आक्रोशित स्वजनों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर कोटद्वार ने बेस चिकित्सालय के बाहर जाम लगाया।

# लाइफ स्टाइल ने सीजन की सबसे बड़ी सेल का कर दिया ऐलान

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लाइफ़स्टाइल, जो भारत के प्रमुख फैशन डेस्टिनेशन्स में से एक है, अपनी एंड ऑफ सीजन सेल शुरू कर रहा है, जिसका लोग बहुत बेसब्री से इंतजार करते हैं,

जिसमें खरीदारों को लेटेस्ट और मॉर्डन फैशन प्रोडक्ट की एक लंबी–चौड़ी कैटेगिरी पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके अलावा, एचडीएफसी क्रेडिट कार्ड धारकों के लिए एक खास ऑफ़र है, जिसमें उन्हें तुरंत 10 प्रतिशत की छूट मिलेगी। नियम और शर्तें लागू। सीज़न को और रोमांचक बनाते हुए, लाइफ़स्टाइल ने इस कैंपेन के लिए खासतौर से तमन्ना भाटिया के साथ साझेदारी की है। अपने नेचुरल चार्म और अखिल भारतीय अपील के लिए जानी जाने वाली तमन्ना ने इस नए कैंपेन में ग्लैमर और भरोसे का अनोखा मेल पेश किया है।

इस सीज़न का कलेक्शन, नए व क्लासिक पीस वाले गर्मियों के तैयार डिज़ाइन का मेल है, जो हर खरीदार के लिए कुछ न कुछ लाया है, चाहे वह प्रीमियम स्टाइल की तलाश में हो या रोज़मर्रा के फैशन की। इस सेल को और भी ज़्यादा प्रासंगिक बनाने वाली बात यह है कि लाइफ़स्टाइल प्रीमियम और हाई–फ़ैशन प्रोडक्ट्स को ज़्यादा सुलभ बनाकर फैशन उद्योग के दायरे को बदल रहा है और एक ऐसा स्थान बना रहा है जहाँ कीमत और स्टाइल बहुत हद तक एक दूसरे से जुड़े हुए हैं।

# योग दिवस के अवसर पर 21 जून को भराड़ीसैंण में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियां पुलिस प्रशासन ने की शुरू

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तराखंड का राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम इस वर्ष भराड़ीसैण स्थित विधानसभा परिसर में आयोजित किया जाएगा। आगामी 21 जून, 2025 को होने वाले इस गरिमामय आयोजन में प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री सहित लगभग 10 देशों के राजदूतों की सहभागिता भी प्रस्तावित है।

इस महत्वपूर्ण आयोजन को सुचारू, सुरक्षित और सफल बनाने हेतु चमोली पुलिस ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कार्यक्रम स्थल की संवेदनशीलता और विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के मद्देनजर, सुरक्षा व्यवस्था को चाक–चौबंद बनाए रखने हेतु आज दिनांक 09 जून, 2025



को पुलिस अधीक्षक चमोली, सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के राजपत्रित और संबंधित अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण गोष्ठी का आयोजन किया।

गोष्ठी में आगामी योग दिवस कार्यक्रम हेतु सुरक्षा व्यवस्था के विभिन्न पहलुओं की गहन समीक्षा की गई। इसमें कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा, विशिष्ट अतिथियों की सुरक्षा, आने–जाने वाले मार्गों पर यातायात प्रबंधन, वाहनों की पार्किंग तथा कार्यक्रम में सुरक्षा हेतु तैनात किए जाने वाले पुलिस बल के रहने आदि की व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को सभी आवश्यक सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उक्त गोष्ठी में पुलिस उपाधीक्षक कर्णप्रयाग अमित सैनी, पुलिस उपाधीक्षक चमोली मदन सिंह बिष्ट, प्रतिसार निरीक्षक चमोली आनन्द सिंह रावत, प्रभारी निरीक्षक गैरसैण कुलदीप रावत एवं यातायात उ0नि0 दिगम्बर सिंह उनियाल मौजूद रहे।

# चण्डिका मन्दिर कमेटी व देवरा यात्रा समिति ने किया सिवाई में रेलवे निगम के विरुद्ध धरना प्रदर्शन

**चमोली (नजरिया खबर ब्यूरो)।** राजराजेश्वरी चंडिका देवी मंदिर समिति और देवरा यात्रा समिति ने रेलवे की निर्माणदाई कम्पनी द्वारा क्षतिग्रस्त किये गये चंडिका देवी के स्नान गृह का जीर्णोद्धार कार्य नहीं किये जाने के विरोध में धरना प्रदर्शन कर निर्माण कार्य को बाधित किया गया।

सोमवार को समिति के अध्यक्ष दिलवर सिंह चौहान के नेतृत्व में चंडिका देवी जिलासू के 27 बांदी गांवों के 60 – 70 सदस्यों ने प्रस्तावित रेलवे स्टेशन साइड सिवाई में एकत्रित होकर रेलवे निर्माण निगम व



निर्माणदाई कम्पनी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरना प्रदर्शन और निर्माण कार्य को बाधित कर दिया गया।

उल्लेखनीय है आगामी माह अक्टूबर 2025 में 12 वर्षो के बाद माँ राज राजेश्वरी चण्डिका मन्दिर सिवाई में बन्याथ का धार्मिक आयोजन(धार्मिक रस्म) प्रस्तावित है,उक्त आयोजन में उपरोक्त गांव के आसपास के लगभग 27 गाँव के ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया जाता है। वर्तमान समय तक आरवीएनएल ऋषिकेश कर्णप्रयाग द्वारा माँ चण्डिका के पौराणिक स्नानाघर का सौन्दर्यकरणध्जीर्णोद्वार न किये जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। धरना प्रदर्शन के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के सचिव ईश्वर सिंह राणा , उपाध्यक्ष संदीप चौहान, राजेंद्र सिंह कोषाध्यक्ष राजेन्द्र सिंह के अलावा सूगी ग्राम के प्रशासक प्रतिनिधि विनोद खत्री, क्षेत्र पंचायत सदस्य बमोथ के प्रतिनिधि धीरेन्द्र सिंह चौधरी, रमेश लाल क्षेत्र पंचायत सदस्य सिवाई आदि द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है।

# उत्तराखंड के लोक साहित्य को डिजिटल स्वरूप में किया जाएगा संरक्षितः सीएम

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** उत्तराखण्ड की बोलियों, लोक कथाओं, लोकगीतों एवं साहित्य के डिजिटलीकरण की दिशा में कार्य किये जाएं। इसके लिए ई–लाइब्रेरी बनाई जाए। लोक कथाओं पर आधारित संकलन बढ़ाने के साथ ही इन पर ऑडियो विजुअल भी बनाये जाएं। स्कूलों में सप्ताह में एक बार स्थानीय बोली भाषा पर भाषण, निबंध एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाए।

उत्तराखण्ड भाषा एवं साहित्य का बड़े स्तर पर महोत्सव किया जाए, इसमें देशभर से साहित्यकारों को बुलाया जाए। उत्तराखण्ड की बोलियों का एक भाषाई मानचित्र बनाया जाए। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में उत्तराखण्ड भाषा संस्थान की साधारण सभा एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति बैठक के अध्यक्षता करते हुए कही। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि भेंट स्वरूप बुके के बदले बुक के प्रचलन का राज्य में बढ़ावा दिया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि



मुख्यमंत्री बैठक लेते हुए।

उत्तराखण्ड साहित्य भूषण सम्मान की राशि 05 लाख से बढ़ाकर 05 लाख 51 हजार की जायेगी।

राज्य सरकार द्वारा दीर्घकालीन साहित्य सेवी सम्मान भी दिया जायेगा, जिसकी सम्मान राशि 05 लाख रूपये होगी। राजभाषा हिन्दी के प्रति युवा रचनाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए युवा कलमकार प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इसमें दो आयु वर्ग में 18 से 24 और 25 से 35 के युवा रचनाकारों को शामिल किया जायेगा। राज्य के दूरस्थ स्थानों तक सचल पुस्तकालयों की व्यवस्था कराने के साथ ही पाठकों के लिए विभिन्न विषयों से संबंधित पुस्तकें एवं साहित्य उपलब्ध कराने के लिए बड़े प्रकाशकों का सहयोग लेने पर सहमति बनी।

भाषा संस्थान लोक भाषाओं के प्रति बच्चों की रूचि बढ़ाने के लिए छोटे–छोटे वीडियो तैयार कर स्थानीय बोलियों का बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि जौनसार बावर क्षेत्र में पौराणिक काल से प्रचलित पंडवाणी गायन 'बाकणा' को संरक्षित करने के लिए इसका अभिलेखीकरण किया जायेगा।

उत्तराखण्ड भाषा संस्थान द्वारा प्रख्यात नाट्यकार 'गोविन्द बल्लभ पंत' का समग्र साहित्य संकलन, उत्तराखण्ड के साहित्यकारों का 50 से 100 वर्ष पूर्व भारत की विभिन्न पत्र–पत्रिकाओं में प्रकाशित साहित्य का संकलन और उत्तराखण्ड की उच्च हिमालयी एवं जनजातीय भाषाओं के संरक्षण एवं अध्ययन के लिए शोध परियोजनों का संचालन किया जायेगा। राज्य में प्रकृति के बीच साहित्य सृजन, साहित्यकारों के मध्य गोष्ठी, चर्चा–परिचर्चा के लिए 02 साहित्य ग्राम बनाये जायेंगे।

भाषा मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि पिछले तीन सालों में उत्तराखण्ड में भाषा संस्थान द्वारा अनेक नई पहल की गई है। भाषाओं के संरक्षण और संवर्द्धन के साथ ही स्थानीय बोलियों को बढ़ावा देने की दिशा में तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं।

भाषा की दिशा में लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अनेक पुरस्कार दिये जा रहे हैं। इस अवसर पर प्रमुख सचिव आर.के. सुधांशु, सचिव वी. षणमुगम, श्रीधर बाबू अदांकी, निदेशक भाषा स्वाति भदौरिया, अपर सचिव मनुज गोयल, कुलपति दून विश्वविद्यालय डॉ. सुरेखा डंगवाल, कुलपति संस्कृत विश्वविद्यालय हरिद्वार प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# झंझट से मुक्तिः आरटीओ ऑफिस में शुरू हुआ परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** दुपहिया के परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने इंस्टीट्यूट आफ ड्राइविंग एंड ट्रेनिंग रिसर्च (आइडीटीआर) झाझरा में नहीं जाना पड़ेगा। परिवहन विभाग ने इसके लिए आरटीओ कार्यालय देहरादून परिसर में ड्राइविंग ट्रैक तैयार किया था,जिसे सोमवार से आरटीओ कार्यालय में शुरू कर दिया गया है।

वर्तमान में डीएल के लिए लर्निंग लाइसेंस का टेस्ट आरटीओ कार्यालय में कंप्यूटर पर बहुविकल्पीय सवालों के जवाब देकर होता है। उसके बाद परमानेंट ड्राइविंग लाइसेंस का टेस्ट देने आइडीटीआर झाझरा करीब शहर से 20 किमी जाने के लिए लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। खासकर महिला, युवतियों,बुजुर्गों ओर नान–गियर वाहन का लाइसेंस बनाने वाले 16 से 18 साल तक की आयु के बच्चों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। शहर से दूर होने के कारण बुजुर्गों, महिलाओं और ऐसे में आरटीओ ने प्रस्ताव बनाया था कि दुपहिया लाइसेंस बनाने वालों को झाझरा जाने से राहत दे दी जाए। आरटीओ प्रस्ताव को मुख्यालय से स्वीकृति मिल गई है। साथ ही दुपहिया के परमानेंट डीएल टेस्ट की आनलाइन फीस 900 रुपये है। आइडीटीआर में सेवा शुल्क के तौर पर 118 रुपये अलग लिए जाते हैं। अब जब टेस्ट आइडीटीआर में होगा ही नहीं तो यह सेवा शुल्क भी नहीं देना होगा।

# छात्रों की आंखों में दिखे बड़े-बड़े सपने और आगे बढ़ने की खुशी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** श्री गुरु राम राय विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में स्नातक 2022–25 बैच के विद्यार्थियों का विदाई समारोह सोमवार को आयोजित किया गया। जूनियर छात्र–छात्राओं द्वारा अपने सीनियरों के सम्मान में आयोजित इस समारोह में जहां एक ओर विद्यार्थियों की आंखों में भविष्य के सपने तैरते दिखे वहीं, आगे बढ़ने की खुशी के साथ ही विदा होने का दर्द भी झलका।

गुरु राम राय विश्वविद्यालय के प्रेजीडेंट श्रीमहंत देवेंद्र दास जी महाराज ने इस मौके पर छात्र–छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि एसजीआरआर विश्वविद्यालय से पासआउट विद्यार्थी



विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थी।

विश्वविद्यालय और देश दोनों का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि कठोर परिश्रम, ईमानदारी और लगन ही जीनव में आगे बढ़ने का मूलमंत्र है। इस मौके पर सामाजिक विज्ञान संकाय की डीन प्रो. प्रीति तिवारी ने कहा कि यह मौका बड़ा ही भावनात्मक होता है जब हम अपने विद्यार्थियों को भविष्य के लिए विदा करते हैं। एक ओर दुख होता तो दूसरी ओर खुशी भी होती है कि हम अपने छात्रों को समाज और देश के लिए काम करने के लिए भेज रहे होते हैं। उन्होंने कहा कि यह मानविकी संकाय का पहला एनईपी बैच है जो सफलता पूर्वक पासआउट हो रहा है। इस मौके पर प्रो. गीता रावत ने सभी विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य की कामना करते हुए उन्हें हमेशा बेहतरीन करने के लिए प्रेरित किया।

# भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उमेश अग्रवाल की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी आयोजित

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष स्वर्गीय उमेश अग्रवाल की छठवीं पुण्यतिथि पर धर्मपुर विधानसभा अंतर्गत देहरा पब्लिक इंटर कॉलेज बंजारावाला में श्रद्धांजलि सभा व विचार गोष्ठी आयोजित की गई।

कार्यक्रम में समाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों के साथ स्वर्गीय उमेश अग्रवाल के जीवन से संबंधित महत्वपूर्ण बिन्दूओं पर सामूहिक रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकांशतः लोगों



उमेश अग्रवाल की पुण्यतिथि पर सामग्री वितरित करते हुए फाउंडेशन के पदाधिकारी।

ने स्वर्गीय उमेश अग्रवाल के साथ बिताए हुए अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में डॉ. आदित्य कुमार, विद्यालय के प्रधानाचार्य एम. एस. राठौड़ की सारगर्भित उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में डॉक्टर आदित्य कुमार एवं महानगर के अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल ने बताया कि उमेश अग्रवाल ने हमेशा अपने से बड़ा परिवार, परिवार से बड़ा समाज नर सेवा नारायण सेवा के भाव को सदा–सदा के लिए अपने जीवन काल में आत्मसात कर अंतिम क्षण तक कार्यकर्ताओं की चिन्ता करने वाला उनका व्यक्तित्व था। भाजपा के सच्चे सिपाही के रूप में कार्य किया आप प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश प्रवक्ता, उत्तराखंड, गढ़वाल मण्डल विकास निगम के अध्यक्ष (दर्जा धारी) दून उद्योग व्यापार मण्डल के संरक्षक, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अन्तर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन तथा तमाम सामाजिक राजनैतिक आध्यात्मिक संगठनों से जुडकर राष्ट्र प्रगति में अपनी अहम् भूमिका निभाई। हमसब आपके संघर्षमय, त्यागमय तथा परोपकार और सेवाभाव से प्रेरित जीवन को स्मरण करते हैं। निश्चित तौर पर आपका परोपकारी जीवन जो हम सबको आपसे हमेशा–हमेशा जूडे रहने के लिए प्रेरणा देता रहेगा। इस अवसर पर उमेश अग्रवाल फाउंडेशन द्वारा स्कूल के बच्चों को स्वर्गीय उमेश अग्रवाल की याद में उपहार वितरण भी किया गया।

10 June 2025_Copy of Layout 1 6/10/2025 11:47 AM Page 8



# सब स्टेशन हमारे, इलाका हमारा, जनमन हमारेः जिलाधिकारी

**देहरादून (नजरिया खबर ब्यूरो)।** जिलाधिकारी सविन बंसल ने विद्युत विभाग के जूनियर अभियंताओं द्वारा कार्य बहिष्कारध्हड़ताल किए जाने की प्राप्त हो रही सूचनाओं पर त्वरित संज्ञान लेते हुए अधीक्षण अभियंता विद्युत विभाग को तलब करते हुए जनसामान्य को विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न न हो इसके कड़े निर्देश दिए। इस संबंध में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने वाली किसी भी गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



जिलाधिकारी सविन बंसल।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में अपर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा विद्युत विभाग को प्रशासन की मनसा से स्पष्ट अवगत करा दिया है। जिला प्रशासन के अधीक्षण अभियंता विद्युत को हड़ताल कार्य बहिष्कार करने वाले अभियंताओं की उपस्थिति की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने पुलिस को 200 मीटर परिधि में धरना प्रदर्शन प्रतिबंध, का परिपालन करवाने व उल्लंघन पर पुलिस को प्राथमिक की दर्ज करने के निर्देश दिए। आवश्यकतानुसार वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए विद्युत आपूर्ति को बनाए रखने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं। डीएम ने निर्देश दिए कि आपात स्थिति हेतु कंट्रोल रूम 24×7 क्रियाशील रहे और किसी भी विद्युत आपूर्ति बाधा की सूचना तत्काल संबंधित अधिकारियों को दी जाए। विद्युत आपूर्ति से संबंधित किसी प्रकार की लापरवाही, जानबूझकर बाधा अथवा अनुशासनहीनता की स्थिति में संबंधित कर्मचारियोंध्अधिकारियों के विरुद्ध सेवा नियमों के अंतर्गत कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। हड़ताल में भाग लेने वाले कार्मिकों द्वारा बिजली आपूर्ति बाधित करने की दशा में उनके विरुद्ध एस्मा अधिनियम के तहत कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तेवर तल्ख रखते हुए सख्त निर्देश दिए हैं कि सभी अभियंता एवं कर्मचारीगण अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए विद्युत सेवाओं की निरंतरता सुनिश्चित करें और जनहित को सर्वोपरि रखें।

डीएम ने कहा सब स्टेशन हमारेय इलाका हमाराय जनमन भी हमारे, अधिकारियों को कहा मजबूरी मौनता निष्क्रियतारू दून प्रशासन का परिचय नहीं है, सेवाएं बाधित करने वाले पर लगेगा एस्मा लगने के निर्देश। उन्होंने कहा कोई भी कर्मचारी वर्ग इतना बाहुबल नहींय कि जनमन को आवश्यक सेवाओं से वंचित रखे। सीएम के सख्त निर्देश हैं कि जनमानस के साथ अन्यायय किसी कीमत पर ग्राहय नहीं होगा। डीएम ने सख्त लहजे में कहा कि हमारे होते हुए जिले में महिला, बुजुर्ग, बच्चों पर विद्युत संकट स्वीकार्य नही है डीएम ने 200 मीटर परिधि में धरना प्रदर्शन प्रतिबंधित, करने तथा उल्लंघन पर पुलिस को प्राथमिकी दर्ज के निर्देश दिए। उन्होंने सख्त संदेश देते हुए कहा कि विद्युत आपूर्ति तो करा ही लेंगे हम। प्रशासन को अपनी शक्तियां व दायित्व भलीभांति ज्ञात हैं। भयोदोहन की स्थिति में जिला प्रशासन को विद्युत आपूर्ति करना आता है।

## पीबीपार्टनर्स ने इग्निशन 4.0 के साथ सेल्स टीम की सफलता का जश्न मनाया

**नैनीताल (नजरिया खबर ब्यूरो)।** पीबीपार्टनर्स, जो कि पॉलिसीबाज़ार की पीओएसपी शाखा है, उसने इग्निशन 4.0 की शुरुआत की है। यह एक ज़बरदस्त ऑल इंडिया मुहिम है, जिसका मकसद अपनी सेल्स टीम को उत्साहित करना, उन्हें प्रेरित करना और उनके शानदार काम के लिए उन्हें सम्मान देना है।

इस टीम ने कंपनी की ग्रोथ में वित्त वर्ष 24–25 में अहम योगदान दिया है, और अब यह वित्त वर्ष 25–26 के लिए नए जोश और बड़े लक्ष्य के साथ तैयार है। इग्निशन 4.0 को देश के 8 शहरों में आयोजित किया गया, जहां पीबीपार्टनर्स की सभी सेल्स टीमों को एक साथ लाया गया। इस दौरान ग्राउंड इवेंट्स, वर्कशॉप्स और ट्रेनिंग सेशंस हुए, जिससे टीम को आगे के सफर के लिए जरूरी जानकारी और सही दिशा मिली। पीबीपार्टनर्स के नेशनल सेल्स हेड नीरज अधाना ने बताया कि,– ष्इग्निशन 4.0 सिर्फ एक इंटरनल प्रोग्राम नहीं, बल्कि एक ऐसा अभियान है जो हमारे मूल्यों को दोहराता है, हमारी टीम की मेहनत का जश्न मनाता है और नए वित्त वर्ष की मजबूत शुरुआत तय करता है। इस प्लेटफॉर्म के ज़रिए हमारा मकसद है कि हमारी हर सेल्स टीम का सदस्य ज़िम्मेदारी ले, फोकस बनाए रखे और पूरे मकसद के साथ काम को अंजाम दे। इस पहल का मुख्य आधार है 'द पीबीपी वे'। ये वह सात मूल सिद्धांत हैं जो कंपनी की कार्यशैली और संस्कृ ति को दिखाते हैं।

## संदिग्ध परिस्थितियों में मिला प्रापर्टी डीलर का शव

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी–रुद्रपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर संदिग्ध परिस्थितियों में एक शव के मिलने पर सनसनी फैल गयी।राहगीरों द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हल्द्वानी कोतवाल राजेश कुमार यादव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस की प्रारंभिक पड़ताल के बाद मृतक की शिनाख्त कौशल कुमार सती के रूप में हुई है, जो जज फार्म हल्द्वानी के रहने वाला था और प्रॉपर्टी डीलिंग का व्यवसाय करता था। घटनास्थल के पास ही उसकी स्कूटी भी खड़ी मिली है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि वह अपने वाहन से मौके तक पहुंचा था।

## तेज रफ्तार टैक्टर की चपेट में आए तीन युवक,एक की मौत

**हरिद्वार (नजरिया खबर ब्यूरो)।** लक्सर कोतवाली क्षेत्र में सोमवार को तीन युवक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गए। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा ओसपुर गांव मार्ग पर हुआ। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।




मिली जानकारी के मुताबिक ओसपुर–इस्माइलपुर मार्ग तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से आ रही मोटर साइकिल को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि बाइक सवार तीनों युवकों को गंभीर चोटें आई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है।

मृतक की शिनाख्त दरगाहपुर गांव निवासी फैयाज के रूप में हुई है, जो अपने दो रिश्तेदारों (बहनोई) के साथ किसी कार्य से बाइक पर लौट रहा था। तीनों मोटर साइकिल से ओसपुर की ओर से इस्माइलपुर मार्ग पर बढ़े, तभी सामने से आ रहा तेज रफ्तार ट्रैक्टर से बाइक को जोरदार टक्कर मारी।

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए। फैयाज की मौके पर ही मौत हो गई। उसके साथ मौजूद दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से ट्रैक्टर चालक की जल्द गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

## न्यूज डायरी

### जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जल जीवन मिशन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली




**चमोली।** जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक ली। उन्होंने सभी डिवीजनों को हर घर जल सर्टिफिकेशन में प्रत्येक सप्ताह 10–10 लक्ष्य निर्धारित करने व जल निगम कर्णप्रयाग व जल संस्थान कर्णप्रयाग को हर घर जल में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने जल गुणवत्ता की टेस्टिंग बढाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने जल निगम गोपेश्वर की वन भूमि हस्तारण के कारण लंबित पेयजल योजनाओं को लेकर वन विभाग के साथ मिलकर निस्तारण की कार्यवाही करने और पी– 2 स्कीम एटीआर में डेली बेसिस पर मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिए। जल संस्थान के अधीक्षण अभियन्ता सुशील सैनी ने बताया कि जनपद में स्वीकृत 1241 योजनाओं के सापेक्ष 1134 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं।

## पेज 01 का शेष...

### सीएम ने पुरोला में 210 करोड़ से अधिक की विकास योजनाओं का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

उन्होंने कहा राज्य सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपना रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरोला क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य पेयजल, सड़क के क्षेत्र में जो विकास कार्य हुए है, वो क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगे जिससे इस क्षेत्र का समेकित विकास होगा। उन्होंने कहा इस क्षेत्र में पर्यटन और बागवानी के क्षेत्र में अपार संभावनाए हैं। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने पूरे क्षेत्र की ओर से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया। उन्होंने रंवाई क्षेत्र में अस्पताल के भूमि पूजन और मोरी जखोल मोटर मार्ग के निर्माण की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री का धन्यवाद अर्पित किया। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में जीरो टॉलरेंस, यूसीसी और सिल्क्यारा सुरंग रेस्क्यू जैसे ऐतिहासिक कार्य किए हैं। इस अवसर पर विधायक गंगोत्री सुरेश चौहान, पूर्व विधायक माल चंद, भाजपा जिलाध्यक्ष नागेंद्र चौहान, राज्य मंत्री प्रताप सिंह पंवार, रामसुंदर नौटियाल, जगत सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष पुरोला बिहारी लाल शाह, जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट, पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल, एवं अन्य लोग मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी नजरिया खबर के लिए स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक गीता जायसवाल द्वारा श्रेष्ठा प्रिन्टर्स, वार्ड नं.03,पो.ओ. लालकुंआ जिला–नैनीताल, उत्तराखण्ड से मुद्रित तथा 14–डी मीडो प्लाजा, प्रथम तल राजपुर रोड देहरादून, उत्तराखंड से प्रकाशित सम्पादक : विजय जायसवाल फोन नं. – 0135&2740930, 9837027458 RNI NO: UTTHIN/2008/25052 प्रकाशन सम्बन्धी सभी विवादों का निस्तारण सिर्फ देहरादून न्यायालय होगा। E-mail: nazariakhabar@gmail.com
Website : www.nazariyakhabar.com
डाक पंजीयन : UA/DO/DDN/402/2017-19